## स्टेट ब्रीफ

### न्याय संहिता प्रदर्शनी में दिखा उत्साह

**हरिद्वार :** राज्य स्तरीय न्याय संहिता प्रदर्शनी के दूसरे दिन रविवार को विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने न्याय संहिता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। सीबीआई देहरादून के डीआईजी मनीष वी सुर्ति के नेतृत्व में 12 सदस्यीय दल ने प्रदर्शनी में न्याय संहिता के प्रावधानों एवं उनके क्रियान्वयन से संबंधित जानकारी ली। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को न्याय संहिताओं के प्रावधानों से अवगत कराना, कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में विधिक समझ को मजबूत करना है।

### हत्या के मामलों की जांच शुरू

**रुद्रप्रयाग :** रुद्रप्रयाग जिले में बीते दिनों दो अलग-अलग घटनाओं में मां-बेटे और हरियाणा की एक महिला की हत्या के मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, बीते शनिवार एक होटल में हरियाणा के कुरुक्षेत्र निवासी महिला काजल को बेहोशी की हालत में छोड़कर उसका पति अरुण और दोस्त अक्षय फरार हो गए थे। काजल को अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। वहीं, तिलवाड़ा सुमाड़ी क्षेत्र में एक बंद कमरे से शुक्रवार को नेपाल मूल की कमला शाही और उसके नौ वर्षीय पुत्र रोशन के शव मिले थे। प्रथम दृष्टया यह हत्या कुछ दिन पूर्व की गई प्रतीत होती है। पुलिस ने महिला के पति दीपक बहादुर के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है।

# विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू होगा, सरकार पहुंची गैरसैंण

## 600 से ज्यादा सवाल उठेंगे पांच दिनी सत्र में, 10 या 11 को बजट पेश करेंगे सीएम

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड की पंचम विधानसभा का पांच दिवसीय बजट सत्र आज सोमवार से प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण (गैरसैंण) विधानसभा में शुरू होने जा रहा है।

13 मार्च तक प्रस्तावित सत्र में मुख्यमंत्री 10 या 11 मार्च को बजट पेश कर सकते हैं। सत्र में प्रतिभाग करने के लिए रविवार को राज्यपाल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सहित सभी कैबिनेट मंत्री, सत्ता व विपक्ष के सभी विधायक और पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भराड़ीसैंण पहुंच गए। नेता सदन/मुख्यमंत्री धामी के भराड़ीसैंण पहुंचने पर उनका स्वागत विधायक अनिल नौटियाल, जिलाधिकारी चमोली गौरव कुमार व एसपी सुरजीत सिंह पंवार ने किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने भराड़ीसैंण में विस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने भाजपा विधानमंडल दल की बैठक को संबोधित किया।


भाजपा विधानमंडल दल की बैठक में विधायकों से मुलाकात करते नेता सदन/मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।


विस अध्यक्ष से भेंट करते सीएम धामी।

बैठक में सत्र को लेकर रणनीति तय की गई।

### राज्यपाल के अभिभाषण से होगी शुरुआत

पूर्वाह्न 11 बजे राज्यपाल (सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल) गुरमीत सिंह के अभिभाषण से विधानसभा के सत्र की शुरूआत होगी। वह अपने अभिभाषण में राज्य के समग्र विकास के लिए सरकार का रोडमैप रखेंगे। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, सत्र में प्रदेश सरकार की ओर से यूसीसी समेत आठ से अधिक विधेयक व अध्यादेश पटल पर रखे जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न विभागों व आयोगों के वार्षिक प्रतिवेदन रिपोर्ट सदन के पटल पर रखे जाएंगे। कार्य मंत्रणा समिति और विधानमंडल दल की बैठक में सत्र के कार्य वृत्त पर मंथन हुआ। विधानसभा के अधिकारियों के अनुसार, सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सदन में सत्ता और विपक्ष के सदस्यों द्वारा इस सत्र में करीब 600 प्रश्न उठाए जाएंगे। सत्र की पूर्व संध्या पर भराड़ीसैंण में ही कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सदन संचालन का एजेंडा तय किया गया।

# विकास को रफ्तार देगा धामी सरकार का बजट

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि जिस तरह का उत्साहवर्धक आर्थिक सर्वेक्षण सामने आया है उससे निश्चित है कि राज्य को उससे आगे ले जाने वाला बजट सरकार लेकर आएगी। लिहाजा राज्य की आर्थिक सेहत के साथ जन मुद्दों एवं समस्याओं को उठाने के इस सुनहरे अवसर का लाभ सभी पक्षों को अवश्य लेना चाहिए।

ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण में आज से प्रारंभ होने वाले बजट सत्र को लेकर अध्यक्ष भट्ट ने प्रस्तावित बजट और चर्चा को प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं का पूरक बताया। कहा कि, चूंकि वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल का यह अंतिम बजट है लिहाजा यह ऐतिहासिक और उत्तराखंड को विकसित राज्य की पहली पायदान पार कराने का दस्तावेज होगा। भाजपा सरकारों और विशेषकर विगत 4 वर्षों में जनसहयोग के साथ किए गए अथक प्रयासों का नतीजा रहा कि राज्य विकसित होते राज्यों की श्रेणी में शुमार हो गया है।

ताजा आर्थिक सर्वेक्षण भी इस सच्चाई को आंकड़ों के रूप में स्वीकार करता नजर आता है। प्रति व्यक्ति आय, सकल घरेलू उत्पाद, विकास दर, रोजगार सृजन, उद्योगों के अनुकूल वातावरण, सतत विकास सूचकांक, निर्यात के अनुकूल व्यवस्था आदि विकास के सभी मानदंडों में हम शीर्ष राज्यों में शामिल हुए हैं। आम लोगों के लिए बिजली, पानी, सड़क, अन्य कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा, दैनिक जीवन की अन्य जरूरी आवश्यकताओं को भी पूरा करने में केंद्र के सहयोग से राज्य अव्वल है।

### विपक्ष करें पालन

प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने सदन के सभी सदस्यों, विशेषकर विपक्ष से आग्रह किया कि सकारात्मक चर्चा के साथ सभी जिम्मेदार पक्ष प्रतिपक्ष की भूमिका का निर्वहन करें। चूंकि जनता ने हमें सरकार की जिम्मेदारी सौंपी है, इसी क्रम में जनाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए बजट प्रस्तुत किया जाएगा। ऐसे में प्रतिपक्ष को भी अपनी सजग और संवेदनशील लोकतांत्रिक भूमिका का पालन सदन में किया जाना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि अब तो जो कुछ सदन में हुआ उसे और तमाम मतभेदों को भूल कर कांग्रेस एवं अन्य पार्टियों के विधायकों को भी सकारात्मक रुख अपनाना चाहिए जिसके तहत बजट को लेकर उनके भी आवश्यक सुझावों का स्वागत है। साथ ही समाज और अपने अपने क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को भी सदन के माध्यम से उठाने का सत्र बेहतर अवसर होता है, जिसका सदुपयोग होना चाहिए।

# आपात स्थिति में उतारा राज्यपाल का हेलीकॉप्टर

**पौड़ी:** राज्यपाल गुरमीत सिंह को लेकर जा रहे हेलीकॉप्टर में रविवार को तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद उसे आपात स्थिति में उतारना पड़ा। अधिकारियों के अनुसार, राज्यपाल टिहरी में आयोजित चार दिवसीय 'टिहरी लेक फेस्टिवल-हिमालयन ओ टू' में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के बाद प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी चमोली जिले के गैरसैंण जा रहे थे, जहां सोमवार से उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू होना है। उन्होंने बताया कि उड़ान के दौरान दोपहर करीब डेढ़ बजे राज्यपाल के हेलीकॉप्टर में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण उसे आपात स्थिति में श्रीनगर स्थित 'जीवीके' कंपनी के हेलीपैड पर सुरक्षित रूप से उतार दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद राज्यपाल को पुलिस अतिथि गृह ले जाया गया, जहां से वह सड़क मार्ग से गैरसैंण के लिए रवाना हुए। पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि राज्यपाल को अतिथि गृह में ठहराने के बाद शाम करीब पांच बजे भारी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से गैरसैंण के लिए रवाना कर दिया गया। इस बीच, राज्यपाल को सड़क मार्ग से भेजे जाने को लेकर कांग्रेस ने आलोचना की है।

# सरकार दे चर्चा के लिए पर्याप्त अवसर: आर्य

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने विधानसभा बजट सत्र की पूर्व संध्या पर अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि, निश्चित रूप से सरकार की ओर से यह अपेक्षा रहती होगी कि विपक्ष सदन की कार्यवाही को सहयोग के साथ चलाए, ताकि प्रदेश से जुड़े विषयों पर सकारात्मक चर्चा हो सके। किन्तु यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि यदि सदन को सुचारू रूप से चलाने की अपेक्षा की जाती है, तो सरकार की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह प्रदेश की जनता से जुड़े ज्वलंत और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करे। लोकतंत्र में विधानसभा केवल विधायी कार्यवाही का मंच नहीं होती, बल्कि यह वह सर्वोच्च मंच है जहां जनता की आवाज उठाई जाती है और सरकार को जनता के प्रति जवाबदेह बनाया जाता है।


नेता प्रतिपक्ष से शिष्टाचार भेंट करते नेता सदन।

# सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप, कड़े इंतजाम

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने की समीक्षा, ब्रीफिंग में दिए निर्देश
- पीएसी, एटीएस, एसडीआरएफ, बीडीएस व हॉक टीम भी तैनात

**अमृत विचार:** भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में आज से आरंभ होने जा रहे उत्तराखंड विधानसभा बजट सत्र को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। रविवार को अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी, अपराध एवं कानून व्यवस्था) डॉ. वी. मुरूगेशन ने भराड़ीसैंण में सत्र ड्यूटी में नियुक्त समस्त पुलिस बल की ब्रीफिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

ब्रीफिंग के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एडीजी ने कहा कि, बैठक में उपस्थित पुलिस बल पूर्व में भी कई बार विधानसभा सत्र ड्यूटी का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुका है और इसी प्रकार इस बार भी पूरी मुस्तैदी, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया जाना है। पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित समय पर अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर ड्यूटी से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लें। ड्यूटी के दौरान सतर्कता बरतते हुए किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए तथा महानुभावों की सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।


ब्रीफ करते एडीजी वी. मुरूगेशन।

### केवल पास धारकों को ही अनुमति

एडीजी ने विधानसभा गेट ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन चेकिंग की जाए तथा केवल अधिकृत व्यक्तियों/पासधारकों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाए। वहीं, बैरियर ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार के जुलूस, धरना या प्रदर्शन की स्थिति में कोई भी अराजक तत्व बैरियर पार कर विधानसभा परिसर के निकट न पहुंचने पाए। इस दौरान डीएम चमोली गौरव कुमार एवं एसपी चमोली सुरजीत सिंह पंवार ने भी ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विधानसभा सत्र के दौरान पूर्ण सतर्कता, अनुशासन तथा समन्वय के साथ ड्यूटी का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

### विस सत्र की सुरक्षा में नियुक्त पुलिस बल

अपर पुलिस अधीक्षक-4, पुलिस उपाधीक्षक-10, प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारी-44, उपनिरीक्षक/अपर उपनिरीक्षक-90, महिला उपनिरीक्षक-32, मुख्य आरक्षी/आरक्षी-434, महिला आरक्षी-60, यातायात पुलिस-38, सशस्त्र पुलिस-207, होमगार्ड-120 के अलावा पीएसी, एटीएस, एसडीआरएफ, बीडीएस व हॉक टीम को भी तैनात किया गया है।


सम्मान समारोह में बुजुर्ग महिला ने मुख्यमंत्री धामी को इस तरह से दुलार दिया।

# राज्य की 38 वरिष्ठ महिलाओं को सम्मान

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यभर से 38 वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया।

सचिव चंद्रेश कुमार यादव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम की मुख्य थीम 'गिव टू गेन' निर्धारित की गई है। इस थीम के अनुरूप ऐसे वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है, जो 60 वर्ष से अधिक आयु होने के बावजूद भी सक्रिय, आत्मनिर्भर और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। वरिष्ठ महिलाओं के चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रतिनिधिक बनाने के लिए प्रत्येक जनपद से निम्न आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग एवं उच्च आय वर्ग से एक-एक महिला का चयन किया गया है। इसके लिए जनपद स्तर पर समिति का गठन करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से चयन सुनिश्चित किया गया है, ताकि समाज के विभिन्न वर्गों की प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया जा सके। इस अवसर पर उत्तराखंड जनजाति सलाहकार परिषद की उपाध्यक्ष गीता राम गौड़, निदेशक बीएल राणा, विक्रम सिंह, एसके त्रिपाठी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री से इन्हें मिला सम्मान

**देहरादून :** पार्वती देवी नेगी, मीना रवि, डॉ. ज्योति मरवाह

**हरिद्वार :** सैयदा खातुन, बाला देवी उर्फ ब्रज किशोरी, कान्ति

**रुद्रप्रयाग :** भादी देवी, गीता नौटीयाल, रामेश्वरी भट्ट

**पौड़ी गढ़वाल :** डॉ. उर्मिला राणा, कमला नेगी, पार्वती देवी

**टिहरी गढ़वाल :** सोबती देवी, लता देवी, प्रभा रतूड़ी

**उत्तरकाशी :** सरतमा देवी, विशाला भंडारी, शन्ति ठाकुर

**चमोली :** सुशीला सेमवाल, चंद्रकला बिष्ट, कलावती देवी, मुन्नी देवी

**नैनीताल :** धनुली नेगी, मीनू जोशी, लता हर्बोला

**ऊधमसिंह नगर :** मीना शर्मा, आशा मुन्जाल, इन्द्रा मिश्रा

**चम्पावत :** उर्मिला चन्द

**अल्मोडा :** मनोरमा जोशी, हेमलता वर्मा, कामिनी कश्यप

**बागेश्वर :** नीमा दफौटी, नारायणी देवी, गंगा राम

**पिथौरागढ़ :** दुर्गा खड़ावत, शकुलन्ता दयाल, देवकी जोशी

# चाकूबाजी का आरोपी गिरफ्तार

**देहरादून :** देहरादून पुलिस ने राजधानी के क्लेमेंटाउन क्षेत्र में कथित रूप से प्रेमिका पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में एक छात्र को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, यहां के एक निजी शिक्षण संस्थान में एमसीए प्रथम वर्ष के छात्र उदय सिंह उर्फ विशू (21) को दून अस्पताल परिसर से रविवार को गिरफ्तार किया गया।

घटना में घायल होने के बाद उसे तथा उसके साथ पढ़ने वाली 21 वर्षीय छात्रा को शनिवार को इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसने बताया कि घटना के संबंध में रायपुर रोड निवासी छात्रा के पिता कृष्ण चंद्र वर्मा ने क्लेमेंटाउन पुलिस थाने में उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी छात्र के खिलाफ तहरीर दी थी।

# टिहरी फेस्टिवल ने साबित की राज्य की क्षमता: सिंह

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने रविवार को टिहरी गढ़वाल में आयोजित 'द टिहरी लेक फेस्टिवल' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया।

उन्होंने कहा कि 'द टिहरी लेक फेस्टिवल' के जरिये पर्यावरण, बारामासी पर्यटन, संस्कृति और साहसिक खेल से जुड़े बड़े संदेश देश-दुनिया तक पहुंचे हैं। इसने न सिर्फ टिहरी, बल्कि पूरे उत्तराखंड की क्षमता को साबित किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में उत्तराखण्ड अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राज्यपाल ने 'द टिहरी लेक फेस्टिवल' कार्यक्रम के आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि चार दिन में 15 से अधिक प्रतियोगिताएं और उनमें 3500 प्रतिभागियों की उपस्थिति उत्साहित करने वाली है। पहली बार आयोजन का दायरा बढ़ने और इसमें विभिन्न विषयों के समावेश को उन्होंने खास तौर पर रेखांकित किया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आलोक में राज्यपाल ने अपने संबोधन के एक बड़े हिस्से को महिलाओं पर केंद्रित किया। उन्होंने कहा-पहाड़ की बेटियों के लक्ष्य बहुत ऊंचे हैं। वह बेहद मजबूत और दृढ़ इच्छा शक्ति वाली हैं। उन्होंने चार संस्मरणों के जरिये दिलचस्प ढंग से महिला शक्ति का बखान किया। राज्यपाल ने पहला संस्मरण एनसीसी कैडेट से संबंधित साझा किया। उन्होंने बताया-देहरादून के एक कार्यक्रम में नौवीं कक्षा की एनसीसी कैडेट से जब उन्होंने उसका लक्ष्य पूछा, तो उसने कहा-वह चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनेगी।

टेक्निकल यूनिवर्सिटी में एआई आधारित कॉम्पिटीशन की प्रतिभागी बेटी से मुलाकात का राज्यपाल ने जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस बेटी ने मुझसे कहा-आई लव टेक्नोलॉजी। साफ संकेत है-हमारी बेटियां तकनीक की अहमियत समझ रही हैं।

राज्यपाल ने अपने पहले विजिट का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि वह अपने पहले विजिट में एक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से मिले थे, जो नौ तरह का पहाड़ी लूण बनाती हैं। यह लूण न्यूयॉर्क और लंदन में भी बिकता है राज्यपाल ने अल्मोड़ा की मशरूम उत्पादक महिला की भी चर्चा की और बताया कि वह 25 हजार रुपए महीना कमाती थी। मैंने छह महीने में एक लाख कमाने की अपेक्षा की, जो उसने पूरी कर दी। अब उससे एक करोड़ सालाना कमाई की अपेक्षा है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संदेश दिया है कि उत्तराखंड में सिर्फ चार धाम से संबंधित यात्रा ही नहीं है, बल्कि बारह महीने की संभावनाएं हैं।



कार्यक्रम में राज्यपाल गुरमीत सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते विधायक किशोर उपाध्याय।

# लक्ष्य विज्ञान के क्षेत्र में तीसरा स्थान पाना

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के सचिव प्रो. अभय करंदीकर ने कहा कि विज्ञान की प्रगति के बिना देश व किसी भी क्षेत्र के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने यह विचार एरीज छात्रों के साथ आयोजित सत्र में व्यक्त किए। एरीज निरीक्षण के दौरान संचालित योजनाओं समेत एसटी रडार के अपग्रेडेशन में आने वाले खर्च की पूर्ति का आश्वासन दिया।

डीएसटी सचिव प्रो. अभय करंदीकर ने रविवार को प्रथम सत्र में शोध छात्रों से कहा कि हमारा लक्ष्य विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया में तीसरा स्थान प्राप्त करना है। इसमें दो राय नहीं कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में देश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और यहीं से हमारी चुनौतियां भी बढ़ जाती हैं तो लक्ष्य भी निर्धारित हो जाता है। लिहाजा आने वाले वर्षों में विज्ञान की प्रगति का जिम्मा युवाओं के कंधे पर होगा। प्रो. करंदीकर के मुताबिक, हमें अत्याधुनिक एआई जैसी तकनीक को आगे ले जाना होगा। इससे विकास को रफ्तार मिलेगी। कहा कि शोध का अर्थ वैज्ञानिक विकास से है। जो आगे चलकर देश व समाज हित में फलीभूत हो सके। लिहाजा शोध छात्रों को अपनी जिम्मेदारी का आभास होना चाहिए। तभी देश को लाभ मिल सकेगा। इस बात भी ध्यान देना जरूरी है कि विज्ञान के क्षेत्र में जो भी कार्य कर सकें, उसका लाभ समाज के पहले पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिल सके।


संपूर्णानंद दूरबीन के साथ डीएसटी सचिव प्रो अभय करंदीकर व निदेशक डॉ. मनीष नाजा।

### विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करने में विज्ञान महत्वपूर्ण

कहा कि 2047 विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करने में विज्ञान अहम जिम्मेदारी निभाएगा। लिहाजा वैज्ञानिकों को बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। इसके बाद उन्होंने एरीज स्थित संपूर्णानंद दूरबीन का निरीक्षण किया। इस मौके पर मौजूद निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने बताया कि इस दूरबीन के जरिए अभी तक 6 सौ से अधिक शोध पत्र लिखे जा चुके हैं, जबकि इसी दूरबीन से शोध कर दो दर्जन से अधिक छात्र देश विदेश में वैज्ञानिक कार्य कर रहे हैं।

# उत्साह-परंपरा: दून में साड़ी गौरव मैराथन

- महिलाओं ने साड़ी में लगायी रेस, नारी शक्ति और सक्रियता का दिया संदेश

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'साड़ी गौरव मैराथन' का आयोजन रविवार को देहरादून के जिला प्रोबेशन कार्यालय ने महिला कल्याण विभाग, के तत्वावधान में किया। इस विशेष मैराथन में पारम्परिक भारतीय परिधान साड़ी में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। मैराथन की शुरुआत नारी निकेतन चौराहा, दून विवि रोड से किया गया, जो आगे दून विश्वविद्यालय मार्ग पर 02 तथा 03 किलोमीटर की दूरी पर सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं ने पारम्परिक परिधान में दौड़ लगाकर समाज में महिलाओं की शक्ति, आत्म विश्वास और सक्रियता का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष गीता खन्ना ने कहा कि महिलाएं अपनी संस्कृति और परम्पराओं को संजोते हुए हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही हैं।


देहरादून में आयोजित साड़ी गौरव मैराथन में प्रतिभागी महिलाएं।

### विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया

कुल 70 से अधिक महिलाओं ने इस मैराथन में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 02 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान नविता, द्वितीय स्थान रेखा चौहान तथा तृतीय स्थान मीनू तड़ियाल ने प्राप्त किया। जबकि 03 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान गीता बहुगुणा, द्वितीय स्थान रियांका तथा तृतीय स्थान ऋतु ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### नगर व आसपास के पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पहुंचे सैलानी, कारोबारियों के चेहरे खिले

# वीकेंड पर सरोवर नगरी में उमड़ी पर्यटकों की भीड़

संवाददता, नैनीताल

**अमृत विचार:** लंबे समय बाद वीकेंड पर सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटकों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। पर्यटकों की बढ़ती आमद से होटल कारोबारियों, नाव चालकों, टैक्सी चालकों और छोटे-बड़े व्यापारियों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी।

शनिवार और रविवार को नैनी झील में नौकायन के लिए पर्यटकों की लंबी कतारें देखी गईं। नाव चालक एसोसिएशन के अध्यक्ष राम सिंह ने बताया कि पिछले कुछ समय से पर्यटकों की संख्या कम थी, लेकिन इस वीकेंड पर अच्छी संख्या में पर्यटक पहुंचे, जिससे नाव चालकों का कारोबार अच्छा हुआ है। शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल नैनीताल चिड़ियाघर, हिमालय दर्शन, केव गार्डन, लवर्स प्वाइंट, स्नो व्यू और टिफिन टॉप सहित आसपास के दर्शनीय स्थलों पर दिनभर पर्यटकों की चहल-पहल बनी रही। वहीं केव गार्डन और लवर्स प्वाइंट पर युवाओं और परिवारों की अच्छी भीड़ देखने को मिली। वीकेंड के कारण मॉल रोड पर भी पर्यटकों की अच्छी रौनक रही। पर्यटकों ने नैनी झील के किनारे घूमते हुए स्थानीय बाजारों में खरीदारी का आनंद लिया। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि पर्यटकों की संख्या बढ़ने से व्यापार में भी सुधार देखने को मिला है।


नैनीताल में रविवार को नौकायन करते सैलानी।

### कैंची धाम में भी उमड़े श्रद्धालु

**नैनीताल:** वीकेंड पर रविवार को कैंची धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नीब करौरी बाबा के दर्शन के लिए प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे। मंदिर प्रशासन के अनुसार करीब 16 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने धाम पहुंचकर बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सुबह तड़के से ही भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं, जो दोपहर तक जारी रहीं। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में मत्था टेककर परिवार की सुख-समृद्धि और देश की खुशहाली की कामना की। भीड़ अधिक होने के कारण भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई स्थानों पर जाम की स्थिति भी बनी रही। मंदिर के आसपास और गरमपानी क्षेत्र में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालांकि पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर तैनात रही और यातायात को सुचारु कराने में जुटी रही।


एनडीए में चयनित जैंती के शुभम भट्ट। ● अमृत विचार

### जैंती के शुभम भट्ट बने सेना में लेफ्टिनेंट

**हल्द्वानी :** अल्मोड़ा के जैंती तहसील के भाबू निवासी शुभम भट्ट के भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन होने से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। बेहद साधारण परिवार में जन्मे शुभम ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। शुभम के पिता महेश भट्ट एक दुर्घटना के बाद अस्वस्थ हैं, जबकि उनकी मां हेमा भट्ट मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती हैं। ऐसे हालात में शुभम की पढ़ाई का जिम्मा उनके ताऊ नंदन भट्ट ने संभाला और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा में शुभम भट्ट ने पूरे देश में 33वां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा नैनीताल के सनवाल पब्लिक स्कूल से हुई, इंटरमीडिएट की पढ़ाई अंबाला और स्नातक डीएसबी परिसर, नैनीताल से पूरी हुई। शुभम का चयन ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, चेन्नई के लिए हुआ है। उन्होंने यह सफलता एनसीसी स्पेशल एंट्री के माध्यम से हासिल की।

# मनोज बने डीएसए के महासचिव

### खेल विभाग के हस्तक्षेप पर जताई कड़ी आपत्ति, बैठक के दौरान गरमाया माहौल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल स्थित डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन (डीएसए) भवन में रविवार को महासचिव पद के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष व मंडी परिषद के सलाहकार मनोज जोशी को निर्विरोध डीएसए का महासचिव चुना गया। उनके निर्विरोध चुने जाने पर खेल प्रेमियों और समर्थकों ने उनका स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं।

चुनाव से पूर्व डीएसए के पूर्व महासचिव अनिल गढ़िया ने संस्था के पिछले वर्षों के कार्यों का लेखा-जोखा सदस्यों के सामने रखा। चुनाव प्रक्रिया अपर जिलाधिकारी विवेक राय और संयुक्त मजिस्ट्रेट नवाजिश खालिक की निगरानी में संपन्न हुई। इस दौरान देवेंद्र सिंह बिष्ट को उपाध्यक्ष चुना गया। डीएसए संस्था में जिलाधिकारी पदेन अध्यक्ष होते हैं।

महासचिव चुने जाने के बाद मनोज जोशी ने कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि डीएसए मैदान शहर की खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि स्थानीय खिलाड़ियों को मंच देने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का नियमित आयोजन कराया जाएगा। साथ ही पिछले वर्ष किसी कारणवश आयोजित नहीं हो सकी अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता को इस वर्ष भव्य रूप से आयोजित करने की तैयारी की जाएगी। कहा कि खेलों को बढ़ावा दिया जाएगा।


नवनियुक्त महासचिव मनोज जोशी को पुष्प गुच्छ देते पूर्व पदाधिकारी समेत अपर जिला अधिकारी और एसडीएम नैनीताल।

### खेल विभाग के अधिकारी बैठक बीच में ही छोड़ चले गए

डीएसए की आम बैठक के दौरान उस समय माहौल गरमा गया जब नवनिर्वाचित महासचिव मनोज जोशी के बयान के बाद अपर निदेशक क्रीड़ा रशीदा सिद्दीकी समेत खेल विभाग के अन्य अधिकारी बैठक बीच में ही छोड़कर चले गए। बैठक में डीएसए मैदान के संचालन और खेल गतिविधियों को लेकर चर्चा हो रही थी। इस दौरान मनोज जोशी ने कहा कि डीएसए मैदान और संस्था के कार्यों में खेल विभाग का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डीएसए एक स्वतंत्र संस्था है और इसके संचालन से जुड़े निर्णय संस्था के पदाधिकारी ही लेंगे। यदि खेल विभाग कोई आयोजन करता है तो उसे डीएसए से अनुमति लेनी होगी। उन्होंने खेल विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई बार संबंधित खेल के बजाय दूसरे खेल के कोच भेज दिए जाते हैं। हाल ही में हल्द्वानी में हुई ताइक्वांडो प्रतियोगिता में ताइक्वांडो कोच के स्थान पर बॉक्सिंग कोच भेजे जाने का उदाहरण भी उन्होंने दिया। उनके इस बयान के बाद खेल विभाग के अधिकारी नाराज हो गए और बैठक बीच में ही छोड़कर बाहर चले गए, जिससे कुछ मुद्दों पर चर्चा अधूरी रह गई।


राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ पहुंचे नार्वे के शिक्षा विशेषज्ञ।

# रामगढ़ महाविद्यालय में पहुंची नॉर्वे की टीम

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ में करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महाविद्यालय और नॉर्वे के केबीटी व्यवसायिक महाविद्यालय के बीच यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत "संवाद और संभावना" कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा का महत्व और अंतरराष्ट्रीय अवसरों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम में नॉर्वे से आई टीम ने विद्यार्थियों के साथ व्यावसायिक शिक्षा के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय समन्वयक नील एरिक वोल्डन ने कहा कि वर्तमान समय में व्यावसायिक शिक्षा युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास का सशक्त माध्यम बन रही है। वहीं केबीटी व्यवसायिक संस्थान के प्राचार्य कार्ल जोन जॉनसन ने रामगढ़ क्षेत्र की संभावनाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां के युवाओं को व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से वैश्विक अवसरों से जोड़ा जा सकता है।

स्थानीय समन्वयक पारुल रिवाल पाठक ने विद्यार्थियों से उज्ज्वल भविष्य के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को हाइब्रिड मोड में अपनाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. माया शुक्ला ने की। संचालन डॉ. निर्मला रावत ने किया और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. हरीश चंद्र जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर डॉ. संध्या गडकोटी, डॉ. नीमा पंत, डॉ. हरेश राम, तनुजा जोशी सहित महाविद्यालय के शिक्षक और अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### महिलाओं के लिए शुरू हुआ सायंकालीन स्कूल

**रामनगर :** रचनात्मक शिक्षक मंडल के सरकारी शिक्षकों ने शिक्षा से वंचित रह गई महिलाओं और बालिकाओं को पढ़ाने के लिए सांवल्दे पश्चिम में 'ज्योतिबा फुले-सावित्रीबाई फुले सायंकालीन स्कूल' की शुरुआत की है। टीम के संयोजक नवेंदु मठपाल ने बताया कि क्षेत्र में किए गए सर्वे में 200 से अधिक महिलाएं और बालिकाएं ऐसी मिलीं जो पढ़ाई से वंचित रह गई थीं या बीच में पढ़ाई छोड़ चुकी थीं। उन्हें शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। यहां महिलाओं को पढ़ना-लिखना सिखाने के साथ भविष्य में रोजगारपरक पाठ्यक्रम भी कराए जाएंगे। इस अवसर पर बीडीसी सदस्य कंचन चौधरी, ग्राम प्रधान बालम सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

### दिनेश बने व्यापार मंडल रामनगर ब्लॉक अध्यक्ष

**हल्द्वानी :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने नगर इकाईयों के गठन के बाद अब ब्लॉक स्तर पर भी संगठन को मजबूत करने के लिए रामनगर ब्लॉक इकाई का गठन किया है। संगठन ने दिनेश चंद्र सती को रामनगर ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश कार्यालय गुरुनानक मार्केट में आयोजित कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने दिनेश चंद्र सती के मनोनयन की घोषणा की है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल भट्ट, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, महामंत्री राजकुमार केसरवानी, बृजमोहन सिजवाली, रविकुमार, मनीष कुमार, प्रकाश भट्ट, मयंक मैनाली, उमेश बेलवाल, योगेश कांडपाल उपस्थित रहे।

# तीन किलो गो मांस के साथ दो आरोपी दबोचे

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पुलिस ने तीन किलो गो मांस एवं एक बछिया के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो लोग गो मांस को लेकर जा रहे हैं। उनके साथ एक बछिया भी है।

पुलिस ने रेलवे कालोनी चोरपानी रोड पर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। उनके पास तीन किलो प्रतिबंधित गो मांस एक बछिया एवं मांस काटने के औजार बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों की पहचान मो. आसिफ पुत्र मो. हनीफ निवासी फौजी कालोनी पूछड़ी, मो. शान पुत्र मो. अनीस निवासी रेलवे कालोनी के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। पुलिस टीम में कोतवाल सुशील कुमार, उप निरीक्षक जोगा सिंह, सोमेन्द्र सिंह, दिगम्बर दत्त, हे. कानि. राजेन्द्र पुण्डीर मौजूद रहे।


रामनगर में प्रतिबंधित गो मांस के साथ पकड़े गए आरोपी।

### युवाओं ने साफ की हरीशताल झील

**भीमताल:** हरीशताल झील की सफाई के लिए जब प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया तो गांव के युवाओं ने खुद श्रमदान से झील को साफ करने का अभियान शुरू कर दिया।

ग्रामीणों के अनुसार झील के आसपास झाड़ियां और गंदगी जमा हो गई थी, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने इसके सौंदर्यीकरण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया। ऐसे में गांव के युवा पवन भट्ट के नेतृत्व में लोगों ने आपसी सहयोग और श्रमदान से झील की सफाई शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि हरीशताल झील क्षेत्र में पानी का प्रमुख स्रोत होने के साथ ही प्राकृतिक सुंदरता का भी केंद्र है। युवाओं की यह पहल झील को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम है।

# महिला दिवस पर निकाला जुलूस, नारेबाजी की

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शहर में जुलूस निकालकर कामगार महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने युद्ध विरोधी नारे लगाते हुए विश्व शांति की मांग की।

कार्यक्रम की शुरुआत घास मंडी स्थित प्राइमरी स्कूल में आयोजित सभा से हुई। सभा में अमेरिका-इजराइल गठजोड़ द्वारा ईरान में की जा रही बमबारी में मारे जा रहे बच्चों और निर्दोष नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि युद्ध और हिंसा का सबसे ज्यादा असर आम नागरिकों, खासकर महिलाओं और बच्चों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि बमबारी और संघर्ष के कारण हजारों परिवार उजड़ रहे हैं और महिलाओं पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ रहा है। वक्ताओं ने विश्व में शांति कायम रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। सभा के बाद महिलाओं ने शहर में जुलूस निकालकर युद्ध के खिलाफ आवाज बुलंद की। महिलाओं ने शांति और मानवता के पक्ष में नारे लगाए। कार्यक्रम में प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी छिंवाल, गीता आर्य, प्रभा देवी, सरोज, पद्मा, गीता जलाल, इंकलाबी मजदूर केंद्र के रोहित रुहेला, भुवन चंद्र, इंदरलाल, परिवर्तनकामी छात्र संगठन के रवि, राजेंद्र, प्रीति छिम्वाल, लवली रहे।



हल्द्वानी में रविवार को कैंडल मार्च निकालतीं महिला कांग्रेस कार्यकर्ता।

### महिला कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला

**हल्द्वानी :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का विरोध करते हुए कैंडल मार्च निकाला। कहा कि उनका नाम एप्सटीन फ़ाइल में है। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष जया कर्नाटक के नेतृत्व में बुद्ध पार्क से एसडीएम कोर्ट तक कैंडल मार्च निकाला। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता कश्यप, महानगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस रुद्रपुर मोनिका ढाली, अध्यक्ष महानगर महिला कॉंग्रेस काशीपुर पूजा सिंह, नगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस नैनीताल भावना भट्ट, बीना जोशी, कमला सनवाल, हेमा देवी, मोनिका सती, विमला सांगुड़ी, निकिता टम्टा, रजनी, सुनीता टम्टा, सुनीता आदि रहे।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**कालाढूंगी:** नयागांव चंदन सिंह कमोला में जंगल में स्थित माता कोटगाड़ी देवी मंदिर में श्रीमद देवी भागवत कथा का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ।

कलश यात्रा में दर्जनों महिलओं ने छोलिया नृत्य व बैंड के धुन के साथ कलश यात्रा निकाली। महिलाओं व भक्तजनों ने भगवानों व मां भगवती के जयकारों व भजनों गाते हुए नंगे पैर यात्रा में चल रही थी। कलश यात्रा का कई जगह पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया। कथावाचक कपिल देव ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से ही मनुष्य जीवन के दुख खत्म हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। कहा कि सनातन धर्म ही प्रेम सिखाता है कि हमें अपने माता-पिता का आदर करना चाहिए।


महर्षि विद्या मंदिर ताकुला में वार्षिकोत्सव का शुभारंभ करते ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट।

### महर्षि विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम

**भीमताल :** महर्षि विद्या मंदिर, ताकुला में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भीमताल के ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कुमाऊंनी लोक नृत्य, देशभक्ति गीतों और सामाजिक एकता पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने शिक्षा के साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व पर जोर देते हुए विद्यालय को सांस्कृतिक मंच के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने छात्रों से नशे से दूर रहने की अपील भी की। प्रधानाचार्य निर्मल पांडे ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। यहां ग्राम प्रधान डॉ. बबीता मनराल, बीडीसी कमला, दिनेश आर्य, हीरा देवी, अधिवक्ता रवि बिष्ट, बीरू मेहरा, योगेश बोरा, राजेंद्र मनराल, कुंदन जीना रहे।

### गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश

**भीमताल:** पालिकाध्यक्ष सीमा टम्टा ने विकास योजनाओं को लेकर निरीक्षण अभियान जारी रखते हुए वार्ड संख्या 4 और 5 का दौरा किया।

उन्होंने नौकुचियाताल स्थित वार्ड संख्या 4 में प्रस्तावित पॉकेट पार्किंग स्थल और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कहा कि पर्यटन सीजन में अधिक वाहनों के आने से यातायात बाधित होता है, इसलिए विभिन्न स्थानों पर पॉकेट पार्किंग की आवश्यकता है। इस संबंध में नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए गए। वार्ड संख्या 5 तल्लीताल में उन्होंने जर्जर सीसी मार्ग का निरीक्षण किया। बताया गया कि पहले इस कार्य के लिए निविदा जारी की गई थी, लेकिन किसी ठेकेदार ने रुचि नहीं दिखाई, जिससे निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका।


पैरा लॉन बॉल चैंपियनशिप के दौरान खिलाड़ियों के साथ आयुक्त दीपक रावत।

### राज्य स्तरीय पैरा लॉन बॉल चैंपियनशिप का आयोजन

**हल्द्वानी :** शहर के मिनी स्टेडियम में रविवार को उत्तराखंड की प्रथम राज्य स्तरीय पैरा लॉन बॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट के प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पैरा लॉन बॉल के महासचिव फिरोज खान ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब 40 दिव्यांग खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस आयोजन का उद्देश्य आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना है। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय पैरा लॉन बॉल प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता गुवाहाटी (असम) में आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के आयोजन दिव्यांग खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका देते हैं। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### होली मिलन में हुए रंगारंग कार्यक्रम

**हल्द्वानी:** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से अरुणोदय धर्मशाला में होली मिलन कार्यक्रम का भव्य और सफल आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से गणेश वंदना व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके बाद भगवान चित्रगुप्त महाराज की स्तुति व आरती की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिलाओं की ओर से प्रस्तुत होली गायन और वादन रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ ही समाज के लोगों ने फूलों की होली खेलकर सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री वीरेन्द्र सिंह ने किया।

## सिटी ब्रीफ

### पितृसत्ता के खिलाफ संघर्ष का संकल्प

**हल्द्वानी :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकारों, समानता और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर चर्चा करते हुए संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। किसान महासभा बागजाला की अध्यक्ष डॉ. उर्मिला रैस्वाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि मेहनतकश महिलाओं के ऐतिहासिक संघर्ष की याद दिलाने का दिन है। मीना भट्ट ने कहा कि सरकारें महिला दिवस को प्रतीकात्मक कार्यक्रमों तक सीमित करने की कोशिश करती हैं, जबकि इसकी जड़ें मजदूर आंदोलनों और समाजवादी संघर्षों से जुड़ी हैं। हेमा आर्य ने महिलाओं के श्रम अधिकारों के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि 1908 में महिला मजदूरों ने बेहतर कामकाजी परिस्थितियों और अधिकारों के लिए बड़े आंदोलन किए थे। वहीं, विमला देवी ने कहा कि महिलाओं के शोषण को समझने के लिए समाज की आर्थिक संरचना को समझना जरूरी है। इस दौरान भाकपा ( माले ) के जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडे ने कहा कि महिला दिवस की असली परंपरा संघर्ष की है और महिलाओं की मुक्ति के बिना समाज की मुक्ति संभव नहीं है।

### महिला हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान

**नैनीताल :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को नैनीताल में विमर्श संस्था की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण को लेकर चर्चा की गई। संस्था की समन्वयक कंचन भंडारी ने कहा कि महिला दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। सामाजिक कार्यकर्ता हेमा कबडवाल ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा के विरोध में हमेशा आवाज उठानी चाहिए। समाज में समानता और सम्मान तभी संभव है, जब महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल मिले। इस दौरान स्थानीय महिलाओं ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में प्रतिभा गंगोला, मीना पाल, कामिनी पाल, चंपा मेहरा, गायत्री दरम्वाल, भावना कुंवर, ग्राम प्रधान प्रेमा मेहरा, भारती मेहरा, कीर्ति आर्य, मंजू, राधा, हंसी रहे।

### महिला दिवस पर ताइक्वांडो एक्सपर्ट ने दिए फाइटिंग टिप्स, एसएसपी बोले- फिजिकली फिट और मेंटली हिट बनें महिला पुलिस कर्मी

# लीडरशिप लें महिला पुलिस कर्मी, छोड़ें स्मार्ट फोन का एडिक्शन

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी ने महिला कर्मियों में उत्साह भरा और उन्हें लीडरशिप लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही कहा कि इसके महिला पुलिस कर्मियों को स्मार्ट फोन की लत छोड़नी होगी। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों को ताइक्वांडों के गुर भी सिखाए गए। इसको लेकर रविवार को हल्द्वानी कोतवाली सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने महिला पुलिस कर्मियों को "फिजिकली फिट और मेंटली हिट" बनने का संदेश देते हुए कहा कि महिला पुलिसकर्मी अपनी क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा से समाज में जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने उत्तराखंड की महिलाओं की शक्ति की सराहना करते हुए उन्हें आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यशाला में एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट ताइक्वांडो कोच रीतिका जोशी और महिला हेल्पलाइन प्रभारी सुनीता कुंवर ने प्रतिभागियों को आत्मरक्षा की व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सिंगल और डबल हैंड ग्रैप डिफेंस, हेयर पुल डिफेंस, नाइफ अटैक से बचाव और दैनिक उपयोग की वस्तुओं से आत्मरक्षा के तरीके बताए। इस दौरान महिला अपराधों से संबंधित नए कानूनी प्रावधानों पर आधारित जागरुकता पंपलेट का अनावरण किया गया। एसएसपी ने निर्देश दिए कि महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा को केवल घरेलू विवाद मानकर नजरअंदाज न किया जाए। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा, जनप्रतिनिधित्व, पत्रकारिता और पुलिस सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाली कई महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इनमें नेत्र सर्जन डॉ. नंदिता, विभिन्न वार्डों की पार्षद और पत्रकारिता जगत से जुड़ी महिलाएं शामिल रहीं।

संचालन उपनिरीक्षक कुमकुम धनिक ने किया। इस मौके पर सीओ रामनगर सुमित पांडे, पार्षद हेमा भट्ट, नेहा अधिकारी, बबली वर्मा, बीना चौहान, तनुजा जोशी, भागीरथी बिष्ट, पत्रकार दया जोशी, वंदना आर्या, अंजली पंत सहित बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मी मौजूद रहे।


अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस पर पोस्टर जारी करते एसएसपी डॉ .मंजूनाथ टीसी व अन्य। ● अमृत विचार

### शक्ति रन में महिलाओं ने दिखाया जोश

**हल्द्वानीः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को शहर में शक्ति रन का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 300 महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन फिटनेस मंत्रा जिम की संचालिका प्रीति रौतेला के नेतृत्व में हुआ।

कार्यक्रम में 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की गई। कुमाऊं आईजी रिधिम अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया और बाद में विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आईजी ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाते हैं। प्रीति रौतेला ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करना और उन्हें सकारात्मक मंच प्रदान करना है।

# पुलिस कर्मियों व होमगार्डों का किया सम्मान

### महिला दिवस पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने महिला ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट की

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था की ओर से महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू व पूर्णिमा रजवार के नेतृत्व में एसडीएम कोर्ट चौराहा, हल्द्वानी में महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को अंगवस्त्र पहनाकर तथा मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया और महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान संस्था सदस्य मनीष साहू और पूजा जोशी ने संयुक्त रूप से कहा कि नारी शक्ति समाज और देश की सबसे बड़ी ताकत है। नारी कभी मां, कभी बहन, कभी पत्नी और कभी बेटी के रूप में समाज को एकता के सूत्र में बांधकर रखती है। उन्होंने कहा महिलाएं अपने अधिकारों को पहचानते हुए स्वयं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी यह साबित करती है कि महिलाएं हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं और देश की प्रगति में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। इस मौके पर यातायात निरीक्षक शिवराज बिष्ट और एसआई कमल किशोर ने भी महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों और होमगार्ड के जवानों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान अलका टंडन, पूजा जोशी, सुनीता तिवारी, शांति रावत, खुशी नागर, ममता खत्री, माही बिष्ट, रेनू कांडपाल, जया जोशी, तारा टकवाल, मनीष साहू सहित कई लोग उपस्थित रहे।


महिला दिवस पर महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का सम्मान करती संस्था की टीम ।। ● अमृत विचार

### महिला दिवस पर डॉ. ऋतु रखोलिया सम्मानित

**हल्द्वानी :** महिला दिवस के उपलक्ष्य में, चिकित्सा क्षेत्र मै उत्कृष्ठ कार्य के लिए डॉ. ऋतु रखोलिया, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग, मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी को निदेशक क्रीड़ा राशिद सिद्दीकी, एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी नैनीताल निर्मला पंत द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया। समारोह में राशिद सिद्दीकी, निर्मला पंत के अलावा कोच सुरेश पांडे, करण आर्या,वार्डन नितिन रावत समेत कई लोग मौजूद थे।

### जब नारी सशक्त होती है तब राष्ट्र सशक्त होता है

**हल्द्वानी :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ईकपर्णिका योग परिवार व विकास एवं पर्यावरण सुरक्षा समिति जज फॉर्म ने जन मिलन केंद्र में मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया। ईकपर्णिका योग परिवार के संयोजक मनोज पाठक ने कहा कि नारी शक्ति केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं अपितु त्याग ,समर्पण, साहस और संस्कारों की प्रतीक है। समिति अध्यक्ष विशंभर कांडपाल ने कहा कि जब नारी सशक्त होती है तब परिवार,समाज और राष्ट्र सशक्त बनता है। इस अवसर पर सेवा भारती के जिला अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी, रेवती बोरा, सोनिया आर्य, रचना शर्मा, कला बिष्ट, नीलम पांडे, नंदी बसेड़ा, उमा मेहरा, नीमा मनराल, हंसा कोरंगा, रितु बोरा, कविता सिंह, नलिनी पांडे, हेम अवस्थी, कुंदन रावत, कुलदीप पांडे, रामनारायण चौहान, जेसी पंतोला, मोहन चंद्र पांडे आदि मौजूद रहे।



सम्मानित की गईं महिला उद्यमियों के साथ इनरव्हील क्लब की पदाधिकारी।

### संघर्ष से मिला मुकाम, इनरव्हील ने किया सम्मान

**हल्द्वानी :** इनरव्हील क्लब हल्द्वानी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला उद्यमियों को सम्मानित किया। क्लब अध्यक्ष मधुर अग्रवाल ने बताया कि, जिन महिला उद्यमियों का सम्मान किया गया, वे बहुत संघर्ष के बाद इस मुकाम तक पहुंची हैं और आज अपने पांव पर खड़ी हैं। इनका सम्मान, सभी संघर्षशील महिलाओं का सम्मान है। सम्मानित होने वाली महिला उद्यमियों में सुमन अधिकारी हैं जो रानी बाग में चेष्टा समूह चलाती हैं और तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित भी हैं। ममता बिष्ट, चाऊमीन शॉप का संचालन करती हैं। नीता दयाल स्वेच्छा ऐपण स्वयंसहायता समूह चलाती हैं और जूट के बैग बनवाकर अन्य महिलाओं की सहायता करती हैं। इनके अलावा, शशि सिंह, विरासत वृद्ध आश्रम की संचालिका हैं। इन सभी महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब सचिव निवेदिता पांडे, दीपा तिवारी, सुशीला भाकुनी, रीता गुप्ता, इंदू पांडे, सुनीता अग्रवाल, अमिता मेहरा, लिली सिंह, शशि खंडेलवाल, रितु त्यागी, रमा पांडे, नीरजा बोरा, प्रीति एवं कुसुम कुंजवाल मौजूद रहीं।

### डॉ. विजेता को 'विज्ञान प्रयोगधर्मी महिला सम्मान'

**रामनगर :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ( यूकॉस्ट ), सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तराखंड शासन तथा दिव्य हिमगिरी संस्था की ओर से देहरादून में आयोजित नारी शक्ति सम्मान एवं विज्ञान प्रयोगधर्मी महिला सम्मान समारोह में नैनीताल जिले की डॉ. विजेता बिष्ट को 'विज्ञान प्रयोगधर्मी महिला सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस समारोह में पूरे उत्तराखंड से नारी शक्ति सम्मान के लिए 20 महिलाओं तथा विज्ञान प्रयोगधर्मी महिला सम्मान के लिए 7 महिलाओं का चयन किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एचएनबी उत्तराखंड चिकित्सा विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. भानु दुग्गल, उत्तराखंड राज्य उपभोक्ता आयोग की अध्यक्षा न्यायाधीश डॉ. कुमकुम रानी तथा यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने संयुक्त रूप से डॉ. विजेता बिष्ट को सम्मानित किया।


डॉ. विजेता बिष्ट।

### महिलाओं के संघर्षों को किया याद

**लालकुआं :** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ( ऐपवा ) की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं के संघर्ष, अधिकारों और समाज में उनके योगदान पर चर्चा की गई। ऐपवा की संयोजक विमला रौथाण ने कहा कि 8 मार्च केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि मेहनतकश महिलाओं के ऐतिहासिक संघर्षों को याद करने का दिन है। उन्होंने बताया कि 20वीं सदी की शुरुआत में महिला मजदूरों को कम मजदूरी और लंबे समय तक काम करना पड़ता था। इसी अन्याय के खिलाफ 1908 में हजारों महिला मजदूर सड़कों पर उतरीं और "रोटी, सम्मान और अधिकार" का नारा बुलंद किया। कार्यक्रम में विमला रौथाण, निर्मला शाही, हेमा गोस्वामी, भावना कांडपाल, मेहरुन खातून, उषा देवी, गीतिमा देवी, सुनीता देवी, आयशा, डॉ. कैलाश पांडेय, किशन बघरी, नैन सिंह कोरंगा रहे।



कार्यक्रम में शामिल ऐपवा से जुड़ी महिलाएं। ● अमृत विचार

# विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय महिलाओं का सम्मान


महिलाओं को सम्मानित करती ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम हिम्मतपुर डोटियाल में संवेदना फाउंडेशन की ओर से महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के अधिकारों को लेकर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महिलाओं के अधिकारों और उनकी भूमिका पर विचार व्यक्त किए।

इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में चाणक्य लर्निंग एकेडमी की प्रधानाचार्या चारू पांडेय, पंचायत प्रतिनिधि के रूप में आनंद नगर मालधन चौड़ की प्रधान अंजू देवी, हिम्मतपुर डोटियाल की ग्राम प्रधान पुष्पा देवी, अभिनय और संगीत कला में किरन कोटवाल, समाजसेवा में उषा किरण, सामाजिक क्षेत्र में अंजली रावत तथा आशा कार्यकर्ता के रूप में रेवती देवी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कमला ध्यानी और ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी मौजूद रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पुष्पेंद्र सिंह नेगी, पत्रकार राहुल दरमवाल और मानवाधिकार संगठन की कुमाऊं मंडल प्रभारी मालवी दुआ उपस्थित रहीं।

# महिलाओं ने खेलों में दिखाई अपनी प्रतिभा

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को खेलो इंडिया नैनीताल और मेरा युवा भारत नैनीताल ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत रहे।

इस अवसर पर मेरा युवा भारत नैनीताल की उपनिदेशक डॉल्वी तबीतिया और तनुजा आर्य ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपनिदेशक खेल कुमाऊं रसिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ाधिकारी डॉ. निर्मला पंत, त्रिलोक जीना, गोविंद लटवाल और मदन मोहन सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में कुल 54 महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लिया। विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की आयोजक सचिव और उपनिदेशक डॉल्वी तबीतिया ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।


विजेता और उपविजेता महिलाओं के साथ मुख्य अतिथि मंडलायुक्त दीपक रावत।

### प्रतियोगिता के परिणाम

- अंडर-13 ( 200 मीटर दौड़ ) में मोनिका चिनावल प्रथम, हर्षिता गोस्वामी द्वितीय, जावेत्री तृतीय।
- अंडर-18 ( 400 मीटर दौड़ ) में नमिता आर्य प्रथम, संजना द्वितीय, नेहा तृतीय।
- अंडर-18 ( 200 मीटर दौड़ ) में हर्षिता प्रथम, नमिता द्वितीय, बबीता तृतीय।
- 18 प्लस ( 100 मीटर दौड़ ) में आरती प्रथम, उमा द्वितीय, प्रियांशी नेगी तृतीय।
- 30 प्लस ( 200 मीटर दौड़ ) में रेखा प्रथम, पुष्पा भट्ट द्वितीय, कविता लोहनी तृतीय।
- 30 प्लस ( 400 मीटर दौड़ ) में रेखा प्रथम, मंजू राणा द्वितीय, गीत तिवारी तृतीय।

# चेयर दौड़ में रूपवती मंजू व मुक्ता विजेता

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मिनी स्टेडियम में महिला खिलाड़ियों के लिए खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में चेयर दौड़, 50 मीटर दौड़, नींबू-चम्मच दौड़ और 100 मीटर वॉक रेस आयोजित की गई। मुख्य अतिथि रसिका सिद्दीकी और निर्मला पंत ने विजेता महिलाओं को पुरस्कार और सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में चेयर दौड़ (महिला) में रूपवती, मंजू राणा और मुक्ता वहीं चेयर दौड़ (बालिका) में काव्य, नेहा और बबिता विजेता रहीं। 50 मीटर दौड़ (महिला) में मंजू मेहरा, डॉली और ममता रावत साथ ही 50 मीटर दौड़ (बालिका) में पीहू, कृतिका और लवली ने पुरस्कार जीते। नींबू-चम्मच दौड़ (महिला) में भागीरथी बिष्ट, गाना बिष्ट और अर्चना व नींबू-चम्मच दौड़ (बालिका) में वंशिका, आराध्या और निहारिका ने क्रमशः स्थान हासिल किया। 100 मीटर वॉक रेस (महिला) में संतोषी, हेमलता साह, डोली बेलवाल, राधा बिष्ट, रश्मि रौतेला और लीला बानी विजेता रहीं।

इस मौके पर खेल विभाग की टीम और सुरेश चंद ने आयोजन का संचालन किया।

**प्रेरणा**

### आज 200 से अधिक महिलाओं को बना रहीं आत्मनिर्भर, साहस और आत्मविश्वास की मिसाल बनीं कविता बिष्ट

# एसिड अटैक के बाद भी नहीं टूटा कविता का हौसला

**विनोद पपनै, रामनगर**

**अमृत विचारः** "मेरे सपनों की उड़ान आसमान तक है, मुझे बनानी अपनी पहचान आसमान तक है।" ये पंक्तियां उत्तराखंड की साहसी महिला कविता बिष्ट के जीवन पर पूरी तरह सटीक बैठती हैं। वर्ष 2008 में हुए एक दर्दनाक एसिड अटैक ने उनका चेहरा और आंखों की रोशनी छीन ली, लेकिन उनके हौसले और जज्बे को कभी कमजोर नहीं कर पाया। आज कविता बिष्ट न केवल अपने जीवन को मजबूती से आगे बढ़ा रही हैं, बल्कि सैकड़ों महिलाओं के लिए प्रेरणा बनकर उन्हें आत्मनिर्भर भी बना रही हैं।

साल 2008 में दिल्ली में काम करने के दौरान दो युवकों ने उन पर एसिड अटैक कर दिया था। इस हमले में उनका चेहरा बुरी तरह झुलस गया और दोनों आंखों की रोशनी चली गई। यह घटना किसी भी व्यक्ति को तोड़ सकती थी, लेकिन कविता ने हार मानने के बजाय अपने जीवन को नई दिशा देने का निर्णय लिया। दृष्टि खोने के बाद भी उन्होंने खुद को कमजोर नहीं होने दिया। उन्होंने कढ़ाई, बुनाई, डिजाइनिंग, मोमबत्ती बनाना और विभिन्न प्रकार की हस्तकलाओं का प्रशिक्षण लिया। धीरे-धीरे उन्होंने इन कामों में महारत हासिल कर ली और अपने हुनर को दूसरों के लिए भी अवसर में बदल दिया।

आज रामनगर क्षेत्र के जस्सागाजा इलाके में उनकी पहल से 200 से अधिक महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ चुकी हैं। उनकी कार्यशाला में महिलाएं गोबर से बने पर्यावरण अनुकूल दीये, ऐपण से सजाए गए दीये, जूट के बैग, कढ़ाई-बुनाई के उत्पाद, मोमबत्तियां, स्कूल बैग और सजावटी सामान तैयार करती हैं। इन उत्पादों की स्थानीय बाजारों और मेलों में अच्छी मांग रहती है। कविता बिष्ट के साहस और समाज के लिए किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने वर्ष 2013 में उन्हें महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ब्रांड एंबेसडर भी बनाया था। कविता कहती हैं, "मेरी आंखों से दुनिया दिखना बंद हो गई, लेकिन मैंने अपने सपनों को मरने नहीं दिया।" उनकी यही सोच सैकड़ों महिलाओं के जीवन में नई रोशनी भर रही है।


महिलाओं के साथ काम करतीं कविता बिष्ट। ● अमृत विचार


जंगलियागांव में महिला दिवस पर स्वच्छता अभियान चलातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिलाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**भीमताल, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत जंगलिया गांव की महिलाओं और ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान चलाकर सड़क किनारे पड़े प्लास्टिक और अन्य कूड़े को एकत्र किया। ग्राम पंचायत द्वारा दो टीमों का गठन किया गया था। एक टीम ने माल गांव से पंचायत घर तक तथा दूसरी टीम ने सैमधार से गांव की ओर सड़क किनारे पड़े कूड़े को साफ किया। इसके बाद पंचायत घर में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने ग्रामीणों को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए ग्राम पंचायत को प्लास्टिक मुक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने सार्वजनिक और व्यक्तिगत गतिविधियों में प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने की अपील की। इस अवसर पर नव युवक मंगल दल अध्यक्ष कमल कुल्याल, महिला मंगल दल अध्यक्ष रेखा कुल्याल रहे।

### महिला अधिकारों और सुरक्षा पर उठाए सवाल

**हल्द्वानी :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रगतिशील महिला एकता केंद्र और प्रगतिशील भोजन माता संगठन की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी शुरुआत ईरान पर हमले के दौरान मारे गए 165 मासूम बच्चों, महिलाओं और निर्दोष लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई।

वक्ताओं ने नई श्रम संहिताओं के तहत महिलाओं से रात्रि पाली में काम करवाने का विरोध करते हुए कहा कि यह महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और बच्चों की देखभाल के लिहाज से अमानवीय है। सभा में कहा गया कि उत्तराखंड सहित पूरे देश में मेहनतकश महिलाओं की स्थिति अभी भी कठिन बनी हुई है।

# रुद्रपुर में मेहनतकश महिलाओं को किया सम्मानित

## धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, जनपदभर में हुए कार्यक्रमों में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने पर दिया जोर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर के कई स्थानों पर राजनीतिक, सामाजिक और पुलिस विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में मेहनतकश महिलाओं को सम्मानित किया गया और उन्हें कानूनी जानकारी तथा स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया गया।

रविवार को अग्रसेन चौक पर भाजपा जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, संस्कार भारती रुद्रपुर के अध्यक्ष कुशल अग्रवाल और नितिन अग्रवाल के द्वारा अग्रवाल सभा से जुड़ी समाजसेवी महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया। मुख्य रूप से अंजली नागपाल, अर्चना राय, अरुणा बंसल, अनुराधा जैन, आस्था अग्रवाल, आक्षी अग्रवाल, उषा अग्रवाल और दीपिका मित्तल को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल के आदेश पर एसएसपी ने पुलिस लाइन और सभी थानों में विशेष थाना दिवस मनाया, जिसमें महिलाओं से जुड़ी जनसमस्याओं को सुना और तत्काल निस्तारित किया। साथ ही पुलिस लाइन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित हुआ, जिसमें महिला पुलिसकर्मियों और उनके परिवार की स्वास्थ्य जांच की गई। उधर, प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष मीना शर्मा और महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने भी महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समारोह में महिलाओं को कानूनी सलाह और स्वावलंबी बनने पर विशेष जोर दिया गया।



रुद्रपुर में रविवार को अग्रवाल सभा से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार



दिनेशपुर के खटोला गांव में महिलाओं को जागरूक करतीं एक्शन एड एसोसिएशन की सदस्य।

### समाज में महिलाओं का अग्रणी योगदानः वट्सर

**दिनेशपुर :** डॉ. एजे वट्सर ने कहा कि महिलाएं परिवार की धुरी का काम करती हैं। घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ वे समाज में भी सक्रिय भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का विकास तभी संभव है जब महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ें। महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसंतीपुर में मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल के तत्वाधान में महिला दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडवोकेट शंकर चक्रवर्ती, पलास विश्वास और स्कूल डायरेक्टर डॉ. एजे वट्सर ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। तत्पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों ने बच्चों के लिए अलग-अलग वर्गों में दौड़ प्रतियोगिताएं और महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आयोजित की। सभी प्रतिभागियों ने उत्साह और जोश के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडवोकेट शंकर चक्रवर्ती ने आयोजकों और उपस्थित लोगों को बधाई और आभार व्यक्त किया। अतिविशिष्ट अतिथियों में पलाश विश्वास, समाजसेवी नित्यानंद मंडल, समीर राय, नरायण महाजन, अर्जुन कुमार, वंदना मंडल, पूजा, ज्योति, सुनीता दास, अंजना मंडल, प्रतिभा मंडल, राजेंद्र गोस्वामी, राहुल कुशवाह, अजय कुमार और विवेकानंद दास शामिल थे।

# अधिकारों के प्रति जागरूक हों महिलाएं

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक्शन एड एसोसिएशन द्वारा खटोला गांव के बुक्सा आदिम जनजाति क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और समानता के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य दीपा देवी ने कहा कि महिलाओं को अपने जीवन का लक्ष्य तय करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्त्री-पुरुष समानता सुनिश्चित करने के लिए पुरुषों की भागीदारी भी जरूरी है। साथ ही जेंडर आधारित हिंसा और भेदभाव से जुड़े सामाजिक मानदंडों में बदलाव लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने सम्मान, समानता और सुरक्षा के लिए हमेशा जागरूक और संघर्षशील रहना होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य दीपा देवी (पत्नी तेज सिंह) और एक्शन एड एसोसिएशन की हीरा जंगपांगी रौतेला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान महिलाओं के अधिकारों, स्त्री-पुरुष समानता और जेंडर आधारित हिंसा के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। एक्शन एड एसोसिएशन की हीरा जंगपांगी रौतेला ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी देते हुए महिला हिंसा, बाल विवाह, पोक्सो एक्ट, पोश अधिनियम और उत्पीड़न रहित कार्यस्थल के अधिकार जैसे विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि दीपा देवी सहित सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई भी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुड्डो देवी ने की, जबकि संचालन कमला देवी ने किया। इस मौके पर प्रधान हरि सिंह, राधा देवी, ललिता, शालिनी रानी, अनिमा, कमल, शिवानी, परमिला, शारदा, संगीता, रिंकी, अनीता, जमुना, लीलावती, विधा, बिरवाती, सुमलो, झनको देवी, सरिता, पूजा देवी, बिमला, पुष्पा देवी, गड्डो देवी, दीपक सिंह, धर्म सिंह, पवन गोस्वामी, सुनील कुमार और अनिल रौतेला मौजूद रहे।



बाजपुर में ब्लॉक प्रमुख सुखमन कौर औलख को सम्मानित करते डॉ. एस. दीक्षित।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बाजपुर में रक्तदान शिविर

**बाजपुर :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक, बाजपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आध्यात्मिक चेतना संस्थान, बाजपुर के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सुखमन कौर औलख ने फीता काटकर किया। रक्तदान में अर्जुन जौहरी, राज किशोर, दिव्या गोयल, दीपक शर्मा, स्वप्निल वर्मा, मदन मोहन पंत सहित कई लोगों ने भाग लिया। वहीं दिव्या गोयल, अर्चना शर्मा, रीना, नीलम राठी, शालिनी, निशा शर्मा, नमिता, निष्ठा, सुनीता और चंद्र सहित अन्य महिलाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर में 16 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. एस. दीक्षित ने रक्तदाताओं और अतिथियों को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुसुम सैनी, राखी जौहरी, किसान नेता जगतार सिंह बाजवा, विधायक प्रतिनिधि जोरावर सिंह भुल्लर, उत्तम सैनी, विजय कुमार यादव, दीनदयाल, दीपक शर्मा, केपी सिंह और नीलम शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सौरभ परमार ने किया।

### ब्रह्माकुमारीज में भी कार्यक्रम आयोजित

**बाजपुर :** ब्रह्माकुमारीज के बाजपुर सेवा केंद्र में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। कार्यक्रम में सेवा केंद्र की संचालिका बीके ज्योति ने सभी अतिथियों का स्वागत कर उनका सम्मान किया। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख सुखमन औलख, सुप्रसिद्ध अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. पूनम पांडेय, डॉ. पूजा कोहली, उद्यान विभाग की अध्यक्ष कमलजीत कौर, कस्तूरबा छात्रावास की वार्डन विद्या लोहनी, भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष कुसुम सैनी, ब्रह्माकुमारीज काशीपुर से बीके चंद्रावती दीदी और ब्रह्माकुमारी रामनगर से बीके अनीता दीदी शामिल हुईं। बीके अनीता दीदी ने महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राजेश कुमार, गौरव शर्मा, जोरावर भुल्लर, आभा तिलारा, बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाध्यापिका अनमोला, चंचल चौधरी, लता गोयल और पूजा जिंदल उपस्थित रहे। इस दौरान छोटी कन्या अंशिका ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा ममता वेद और बृजेश ने लघु नाटिका के माध्यम से माताओं और बुजुर्गों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

# नारी शक्ति सम्मान का प्रतीक है महिला दिवस

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** जनजीवन उत्थान समिति के तत्वावधान में स्व. सत्येंद्र चंद्र गुड़िया मार्ग पर स्थित श्री जगदीश प्रेरणा भवन के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका मुख्य विषय महिलाओं की समाज में उपलब्धियां था।

गोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना के साथ किया गया। समिति अध्यक्ष एड. शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि नारी शक्ति, समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की उपलब्धियां विश्व में पुरुषों से कम नहीं हैं और आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर योगदान दे रही हैं। मिश्रा ने यह भी कहा कि भारत में महिलाओं के उत्कृष्ट कार्य पूरे विश्व के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता, एकता और सुरक्षा को महिलाओं के सशक्तिकरण के मुख्य स्तंभ बताया। एड. भास्कर त्यागी ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। वे शिक्षा, विज्ञान और देश की रक्षा समेत हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस मौके पर एड. विवेक मिश्रा, एड. देवांग मिश्रा, एड. राम शर्मा, एड. कर्तव्य मिश्रा, एड. जया मिश्रा, एड. शालिनी मिश्रा, एड. ममता मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# जसपुर में 250 महिलाओं को किया सम्मानित

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर राष्ट्र सेवा मंच ने कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही 250 महिलाओं को सम्मानित किया। साथ ही अपने कार्य क्षेत्र में अग्रसर रहने का आह्वान किया।

रविवार को सुभाष चौक स्थित दुल्हन पैलेस में आयोजित महिला सम्मान समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, विशिष्ट अतिथि डॉ. एमपी सिंह, खड़क सिंह, अवनीश गहलोत, गौरव राजन, सनी पधान, प्रेम सिंह सहोता, हरिओम सिंह, संजय गोयल, नारायण सिंह, महेश प्रजापति का राष्ट्र सेवा मंच के पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य, सामाजिक कार्यों समेत विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ चढ़कर काम करने वाली ममता अग्रवाल, रेनू गोयल, बबीता, रूपा गहलोत, रेखा राजपूत, कृष्णा सिंह, उमा विश्नोई, शीला कश्यप, मिथलेश, अनीता पंवार, कविता, डोली समेत 250 को प्रतीक चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, डॉ. एमपी सिंह, खड़क सिंह ने महिलाओं द्वारा उनके क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों को सराहा। साथ ही उनसे और बेहतर काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निकेश अग्रवाल ने की तथा संचालन यशपाल शर्मा द्वारा किया। यहां मनोज चौधरी, नीरज चौहान, रूबी पधान, गौरव राजन, अवनीश, सीपी सिंह, पीके वर्मा, चंद्रपाल कश्यप, प्रदीप गोयल रहे।



जसपुर में महिलाओं को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### 21 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई

**जसपुर :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बाल विकास परियोजना द्वारा बीआरसी प्रांगण में एक कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकार, स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक किया। साथ ही महिलाओं को संतुलित आहार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य टीकाकरण एवं पोषण संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान 21 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा 6 माह पूर्ण कर चुके 21 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। यहां सुपरवाईजर अंजू रानी, यास्मीन जहां, सभासद रूपा देवी, मनीष चौहान रहे।



किच्छा में महिला को सम्मानित करते समाजसेवी संजीव सिंह। ● अमृत विचार

### महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित

**किच्छा :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी संजीव कुमार सिंह ने समाज में प्रेरणा स्रोत बनी महिलाओं को सम्मानित किया और उन्हें महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। भाजपा नेता संजीव सिंह के नेतृत्व में तमाम गणमान्य लोगों ने महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. इंदिरा राजेश, किशोर अस्पताल की वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ. मृदुला किशोर, और लिटिल एंजेल स्कूल की प्रबंधक जया रोलस्टन को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सिंह ने यूपीएससी उत्तीर्ण नगर की होनहार बेटी शांभवी तिवारी के बसंत गार्डन कॉलोनी स्थित आवास पर भी पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए महिला दिवस की बधाई दी। मौके पर विशाल सिंह चौहान, नवीन सिंह, अमित कुमार, कमलेश दुबे, ब्रह्मानंद पुरोहित, अभिनव सिंह आदि उपस्थित रहे।



खटीमा के सरस्वती एकेडमी में महिला दिवस पर उपस्थित शिक्षिकाएं और अतिथि। ● अमृत विचार

### समाज के उत्थान में महिलाओं के योगदान पर की चर्चा

**खटीमा :** सरस्वती अकादमी, बिगराबाग में कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन ज्योति पाल और प्रशासिका विनीता पाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। सिविल जज आशीष तिवारी ने अपने संबोधन में महिलाओं को उनके अधिकारों और उनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी और सभी को जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य हीरा मुंडेला, विमला मुंडेला, अंजू देवी, केशर पारूथी, केशवी शर्मा, कमला मेलकानी, पूनम राणा, मंजू अधिकारी, हेमलता, निर्मला चंद, गीतांजलि, मोहिनी, प्रियंका, सुष्मिता सहित कई लोग उपस्थित रहे। वहीं नगर पालिका सभागार में महिला सम्मान कार्यक्रम में महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण और समाज के उत्थान में महिलाओं के योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने की और उन्होंने महिला दिवस पर महिलाओं के संघर्ष और योगदान को महत्वपूर्ण बताया। अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य ने महिलाओं को जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नीलू गुप्ता और शबनम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तिकरण पर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** खटीमा में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था।

स्कॉलर गुरुकुल एकेडमी में महिला दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें महिला सशक्तीकरण से संबंधित कार्यक्रम पेश किए गए। कार्यक्रम में कविता कापड़ी, हेमा जोशी, शांति देवी, दया भट्ट, डॉ. नीलम पांडे, आशा भंडारी, लक्ष्मी देवी, पालिकाध्यक्ष रमेश जोशी, गणेश ठकुराठी, सतीश भट्ट, रंदीप पोखरिया, नवीन भट्ट, महेंद्र दिगारी, भैरव दत्त पांडे, डॉ. जगदीश पंत कुमुद, अजय सिंह अज्जू आदि उपस्थित रहे।

वहीं ट्रेफॉर्ड कान्वेंट स्कूल, गोसीकुंआ में महिला दिवस पर सुपर वूमेन एचीवर अवार्ड सीजन-4 का शुभारंभ दीप जलाकर किया गया। इस बार प्रथम स्थान दीपा मनोला, द्वितीय प्रियंका जेठी और तृतीय पिंकी चंद को दिया गया। उन्हें क्रमशः 10,000, 5,000 और 2,100 रुपए से सम्मानित किया गया। प्रशासक भुवन चंद्र और प्रधानाचार्य मनोहर सिंह ने अतिथियों का आभार जताया। ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष आशा बिष्ट, सरोज चंद, नेहा जोशी और माया जोशी भी उपस्थित रहे।

इसके अलावा डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म खटीमा में विद्यालय में कार्यरत समस्त महिलाओं को सम्मानित करते हुए नारी शक्ति के प्रतीक महिला दिवस कार्यक्रम को धूमधाम से मनाया गया। प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने कहा कि नारी शक्ति ,साहस की प्रतीक, मातृत्व, वात्सल्य प्रेम की अलौकिक परिभाषा है। कार्यक्रम में डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, ऊषा भट्ट, हेमलता बोरा, ऊषा चौसाली, शिल्पा सक्सेना, लिंसी त्यागी, कल्पना चंद, हेमा भट्ट, दीपा भट्ट, दीपा डसीला, पिंकी कापड़ी, प्रियंका पाठक, वैष्णवी विश्वकर्मा, देवकी रावत, कविता सामंत, कमला राय, राधिका मनोला, रेनू विश्वकर्मा समेत अन्य महिलाएं व सामाजिक लोग मौजूद रहे।



खटीमा के सरस्वती एकेडमी बिरागबाग में महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

**विरोध** चार श्रमिक कोड की खिलाफत करते हुए श्रमिक विरोधी कानूनों में संशोधन की मांग उठाई

# महिला दिवस पर श्रमिक संगठनों ने किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गांधी पार्क में श्रमिक संगठनों के बैनर तले महिलाओं ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए चार श्रमिक कोड का विरोध करते हुए श्रमिक विरोधी कानूनों में संशोधन की मांग उठाई।

रविवार को गांधी पार्क में प्रगतिशील महिला एकता केंद्र, प्रगतिशील भोजन माता संगठन और इंकलाबी मजदूर केंद्र से जुड़ी महिलाओं ने धरना दिया। वक्ताओं ने कहा कि एक ओर देश-प्रदेश में महिला दिवस मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार ने चार श्रमिक कोड कानून बनाकर पूंजीपतियों को श्रमिकों के शोषण की छूट दे दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने श्रमिकों और उनके परिवारों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया है। नए कानून के तहत महिलाओं से रात की पाली में काम कराने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा आठ घंटे के स्थान पर 12 घंटे काम, फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट के माध्यम से स्थायी रोजगार की गारंटी खत्म करना, ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा देना, हड़ताल के संवैधानिक अधिकार पर अंकुश लगाना और छंटनी व तालाबंदी के लिए पूंजीपतियों को खुली छूट देना जैसे प्रावधान श्रमिकों के लिए नुकसानदायक हैं। वक्ताओं का कहना था कि इन कानूनों के लागू होने से महिला श्रमिकों के मानसिक और शारीरिक शोषण की आशंका बढ़ेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही इन कानूनों में संशोधन नहीं किया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में रविंद्र कौर, वंदना देवी, मीना सिंह, हीराकली, कमलेश यादव, सुमित्रा देवी, सुनीता देवी, पिंकी गंगवार, खुशी गंगवार और राजेश तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।



रुद्रपुर में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गांधी पार्क में धरना देतीं महिला श्रमिक। ● अमृत विचार

# एएसपी ने किया 15 शिकायतों का निस्तारण

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर काशीपुर पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान को प्राथमिकता देते हुए महिला शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष पहल की गई। इस दौरान प्राप्त महिला संबंधी शिकायतों को एएसपी स्वप्न किशोर सिंह ने स्वयं सुना तथा मौके पर ही 15 शिकायतों का निस्तारण किया। जिसमें 2 मामलों में केस दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

पहल का उद्देश्य महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना तथा उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति पुलिस की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना रहा। पुलिस अधिकारियों द्वारा चयनित शिकायतों की समीक्षा करते हुए पीड़ित महिलाओं से संवाद स्थापित किया गया। जहां उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही की गई। पुलिस ने सभी महिलाओं से अपील की है कि यदि उनके साथ किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या अपराध की घटना होती है। तो वह बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें। इधर आईटीआई कोतवाली में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं की सुरक्षा एवं उनकी शिकायतों के समाधान के लिये वार्तालाप कर समस्याओं का निस्तारण किया गया। महिलाओं को उनकी सुरक्षा, घरेलू उत्पीड़न और महिला अपराधों साइबर अपराधों के संबंध में भी जागरूक किया।




काशीपुर कोतवाली में महिला दिवस पर लोगों की शिकायतें सुनते एएसपी।

### ब्रीफ न्यूज

#### बंदरों के आंतक से निजात दिलाने की मांग

**अल्मोड़ा :** पंडित गोविंद बल्लभ पंत राजकीय संग्रहालय के सभागार में डे-केयर संस्था की बैठक आयोजित की गई। मौके पर डा. अरुण पंत ने प्रशासन और नगर निगम से बैठक के लिए स्थाई स्थान उपलब्ध कराने की मांग की। बैठक में सदस्यों ने नगर निगम और प्रशासन से नगर में बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की। बैठक में नगर की सफाई व्यवस्था और यातायात व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता हेमचंद जोशी तथा संचालन एमसी कांडपाल ने किया। यहां आनंद सिंह बगड़वाल, डा. गोकुल सिंह रावत, गिरीश जोशी आदि मौजूद रहे।

#### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया वार्षिकोत्सव

**बनबसा :** सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसका शुभारंभ टनकपुर पावर स्टेशन के महाप्रबंधक ऋषि रंजन आर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता व्यापार मंडल महामंत्री अभिषेक गोयल ने की। विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अग्निचक्र, योग, डम्बल प्रदर्शन तथा हिंदी और अंग्रेजी नाटकों के माध्यम से शिक्षाप्रद संदेश भी दिए गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक भुवन चंद्र पंत और ज्योति चंद ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य कुंडल सिंह कार्की, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा देवी रहे।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सम्मानित

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'जल महोत्सव' का आयोजन, फील्ड टेस्ट किट से जल जांच करने का दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर "जल महोत्सव" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को फील्ड टेस्ट किट से जल जांच का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही महिलाओं को सम्मान भी हुआ।

विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीडीओ रामजीशरण शर्मा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल जीवन का आधार है, इसलिए इसके संरक्षण और सही उपयोग के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। बताया कि आगामी 22 मार्च तक चलने वाले जल महोत्सव का उद्देश्य जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में एसएचजी की महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं को पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए फील्ड टेस्ट किट के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को गांव स्तर पर जल की गुणवत्ता जांचने और लोगों को स्वच्छ पानी के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए सक्षम बनाया गया। कार्यक्रम में डीडीओ संतोष कुमार पंत आदि मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करते सीडीओ। ● अमृत विचार

#### साझा किए जीवन के प्रेरक अनुभव

**अल्मोड़ा :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर "साधारण महिलाएं, असाधारण अनुभव" विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य घर-परिवार, समाज और जन आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिलाओं का सम्मान तथा उनके संघर्ष और अनुभवों को समाज के सामने लाना था। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि साधारण दिखने वाली महिलाएं अपने कार्यों और संघर्षों से असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। कार्यक्रम में सामाजिक, व जन आंदोलनों से जुड़ी महिलाओं के बीच संवाद भी हुआ।

#### विशेष थाना दिवस का आयोजन

**अल्मोड़ा :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अल्मोड़ा पुलिस द्वारा "कोशिश – एक नई आशा" अभियान के तहत जिले के सभी थानों में विशेष थाना दिवस आयोजित किया गया। एसएसपी चंद्रशेखर घोडके ने कोतवाली अल्मोड़ा में महिलाओं की समस्याएं सुनकर कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। पूरे जनपद में 12 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 7 महिला संबंधी थीं और सभी का समाधान किया गया। मौके पर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा संबंधी जानकारी भी दी गई तथा पुलिस लाइन में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

#### पहाड़ों में महिलाएं कृषि व्यवस्था की रीढ़

**अल्मोड़ा :** वीपीकेएएस संस्थान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एडम्स की हिंदी प्रवक्ता दीपा गुप्ता ने मुख्य वक्ता के रूप में "पर्वतीय खेती के पीछे महिलाओं का संघर्ष और शक्ति" विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में महिलाएं कृषि व्यवस्था की रीढ़ हैं। कार्यक्रम संस्थान के निदेशक लक्ष्मी कांत के मार्गदर्शन तथा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष कुशाग्रा जोशी के निर्देशन में संपन्न हुआ।

#### भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया महिला दिवस

**अल्मोड़ा :** भाजपा महिला मोर्चा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम पालीवाल ने की। इस दौरान स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष किरण पंत ने कहा कि महिला सशक्तिकरण विकास की आधारशिला है। बीना नयाल ने महिलाओं की संगठन शक्ति को समाज की बड़ी ताकत बताया।

# समाज और परिवार की धुरी हैं महिलाएं: डीएम


महिला दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विकास भवन सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि महिला समाज और परिवार की धुरी है। उन्होंने कहा कि दूसरों का जीवन संवारने के सा महिलाओं को अपने अस्तित्व और स्वास्थ्य के प्रति भी सजग रहना चाहिए।

'राइट, जस्टिस, एक्शन फॉर ऑल वीमेन एंड गर्ल्स' थीम पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने दुगबाजार की आंगनबाड़ी कार्यकत्री राहिला तबस्सुम, अखर की गीता कोरंगा और मन्यूडा की खष्टी राणा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के अंतर्गत मंडलसेरा की रेखा पंचवाल और कांडा की शोभा पांडे ने अपने संघर्ष और सफलता के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में सीडीओ आरसी तिवारी, डॉ. मंजुलता यादव, शिल्पी पंत, खान अधिकारी नाजिया हसन आदि रहे। संचालन सुरेंद्र कुमार ने किया।


चौखुटिया में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विधायक बंशीधर भगत और अन्य। ● अमृत विचार

# चौखुटिया में मातृशक्ति का हुआ सम्मान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वन पंचायत क्षेत्रीय परामर्श दात्री समिति द्वारा महिला सम्मान समारोह एवं वनाग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता व कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत रहे। मौके पर वन संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाओं ने हमेशा जल, जंगल और जमीन की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है।

#### रानीखेत में बंशीधर भगत का किया स्वागत

**रानीखेत :** प्रवास के दौरान रानीखेत पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत का पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का स्नेह, ऊर्जा और विश्वास उन्हें निरंतर जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, दीप भगत, मोहन नेगी, प्रदेश मंत्री विमला रावत, गिरीश भगत, चंदन भगत, जगदीश, खजान पांडे, मंडल महामंत्री उमेश पंत, बूथ अध्यक्ष रजत पपनै, अजय चौहान, जिला मंत्री महिला मोर्चा रेखा आर्य, माया नैनवाल, भारती भगत, महेश पंत सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा को लेकर विभिन्न जानकारियां दी

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कोतवाली में थाना दिवस के तहत बैठक की गई। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह और कोतवाल भुवन चंद्र जोशी ने लोगों की समस्याएं सुनीं और महिला सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां दीं।

उपनिरीक्षक हेमा कार्की ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और गौरा शक्ति एप, महिला हेल्पलाइन व डायल 112 के उपयोग के बारे में बताया। वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर कमल सिंह, नरेश पंत, सुमित उपाध्याय, विजय रावत, विजय कुमार, नेहा महरा, तुलसी आर्या, आशा महता, मीना पाल, गुड्डी खान, सुचिता फर्त्याल, सुनीता, कला, अमित पांडे, साहिद आदि उपस्थित रहे।



रानीखेत में महिला दिवस पर कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

# महिलाओं को किया गया सम्मानित

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को जिला कार्यालय सभागार में "अधिकार, न्याय एवं कार्यवाही" की वैश्विक थीम तथा "महिला शक्तिः आत्मनिर्भर और सक्षम चम्पावत का आधार" के संकल्प के साथ विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार ने की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न सरकारी विभागों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली महिला अधिकारियों और कर्मचारियों को शॉल ओढ़ाकर और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि आज महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं और सरकारी तंत्र की मजबूती में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल नारा नहीं बल्कि समाज की प्रगति का मजबूत आधार है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडे और ब्लॉक प्रमुख अंचला बोरा को विशेष रूप से सम्मानित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि प्रत्येक महिला की सुरक्षा पुलिस की जिम्मेदारी है। संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर पुष्पा चौधरी ने किया।



पालिकाध्यक्ष प्रेमा पांडे को सम्मानित करते डीएम मनीष कुमार, साथ में एसपी रेखा यादव।

#### कार्यक्रम में इन्हें मिला सम्मान

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, उप जिलाधिकारी लोहाघाट नीतू डांगर, वरिष्ठ कोषाधिकारी सीमा बंगवाल, सहायक परियोजना निदेशक विमी जोशी, खंड विकास अधिकारी पाटी मोनिका पाल, जिला खनन अधिकारी चित्रा जोशी और जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट सहित स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, विकास, पुलिस, पीआरडी, होमगार्ड, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया।

# लेफ्टिनेंट बने कार्तिक क्षेत्र में खुशी का माहौल

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** चेन्नई में पासिंग आउट परेड पूरी कर कार्तिक सिंह भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन गए हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

कार्तिक सिंह ग्राम कोट केंद्री के मूल निवासी हैं और वर्तमान में नायकगोठ में रहते हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल तथा उच्च शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय से हुई। उन्होंने सीडीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर एक वर्ष की ऑफिसर ट्रेनिंग पूरी करने के बाद 7 मार्च को चेन्नई में पासिंग आउट परेड में हिस्सा लेकर लेफ्टिनेंट का पद हासिल किया। कार्तिक के दादा हवलदार सोबन सिंह 1971 के भारत-बांग्लादेश युद्ध में सेवा दे चुके हैं और पूर्वी स्टार से सम्मानित हैं। उनके पिता सूबेदार रमेश सिंह सेना में कार्यरत हैं, जबकि चाचा हवलदार अर्जुन सिंह और चचेरे भाई नायक दीपक सिंह भी भारतीय थल सेना में हैं। बचपन से सैन्य वातावरण में पले-बढ़े कार्तिक का सपना सेना में अधिकारी बनने का था, जिसे उन्होंने अपनी मेहनत और माता-पिता के आशीर्वाद से साकार कर दिखाया।


माता-पिता व दादा संग लेफ्टिनेंट कार्तिक।

#### पूर्णागिरी मंदिर मार्ग पर लगेगी स्ट्रीट लाइट

**टनकपुर :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुरूप मां पूर्णागिरि मंदिर मार्ग पर स्थायी पथ प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्युत वितरण मंडल चम्पावत ने ई-निविदा जारी की गई है।

यह कार्य ककराली गेट से पूर्णागिरि मंदिर तक स्ट्रीट लाइट के लिए लाइन निर्माण एवं परिवर्तक स्थापना का होगा, जो क्षेत्रवासियों को बेहतर विद्युत सुविधा प्रदान करेगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा शासन-प्रशासन ग्रामीण एवं धार्मिक पर्यटन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने में निरंतर कार्यरत है। मां पूर्णागिरि मंदिर, जो कुमाऊं क्षेत्र का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, वहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं एवं स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए यह स्थायी स्ट्रीट लाइट व्यवस्था एक वरदान सिद्ध होगी।

# महिला संगठनों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के नेतृत्व में विभिन्न जन संगठनों ने रविवार को चौघानपाटा में संयुक्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सीटू, आशा, भोजन माता, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, डीवाईएफआई और ज्ञान-विज्ञान समिति सहित कई संगठनों की महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

प्रदर्शनकारियों ने साम्राज्यवाद, सांप्रदायिकता, महंगाई, महिला हिंसा और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारे लगाए। वक्ताओं ने कहा कि देश में रोजगार की कमी और बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान है, इसलिए सरकार को श्रम संहिताओं को वापस लेकर पहले के श्रम कानूनों को बहाल करना चाहिए। साथ ही मनरेगा में 200 दिनों का रोजगार देने और बजट बढ़ाने की मांग की गई। महिला संगठनों ने रसोई गैस के बढ़े दाम वापस लेने, आशा, आंगनबाड़ी और भोजन माता के मानदेय में वृद्धि करने तथा महिला सुरक्षा कानूनों को सख्ती से लागू करने की मांग भी उठाई। वक्ताओं ने अंकिता भंडारी प्रकरण में शामिल वीआईपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने शहर के मुख्य मार्गों पर नारे लगाते हुए जुलूस निकाला। प्रदर्शन में समिति की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता पांडे, जिला कोषाध्यक्ष राधा नेगी, आशा भारती, सरस्वती, चाहत, जया पांडे, ऋतु तिवारी, विजयलक्ष्मी, आरपी जोशी, आनंदी मेहरा, जानकी देवी, शांति टम्टा, सरोजनी, गीता जोशी, लक्ष्मी वर्मा, हेमा अधिकारी, प्रेमा जड़ौत, कमला जोशी, देवकी बिष्ट, प्रभा नेगी, यूसुफ तिवारी, योगेश कुमार टम्टा, डॉ. सुशील तिवारी, उदय किरौला, प्रकाश जोशी रहे।



अल्मोड़ा के गांधी पार्क में प्रदर्शन करतीं महिलाएं।

# सिख रेजिमेंट ने आयोजित किया स्वास्थ्य जांच शिविर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सिख रेजीमेंट द्वारा अल्मोड़ा छावनी स्थित गोरखा हॉल में रक्तदान एवं महिला स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं और महिलाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित भी किया गया।

शिविर का संचालन मेडिकल कॉलेज की ब्लड बैंक टीम द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 20 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। वहीं महिला दिवस के अवसर पर 38 महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच और ब्लड ग्रुप परीक्षण निशुल्क किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं को ब्लड बैंक टीम की ओर से स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विजय बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर ने कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सिविल प्रशासन और मेडिकल स्टाफ का आभार व्यक्त किया। शिविर को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया।

मेजर डॉ. निखिल ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी की जान बचाने के साथ ही एक स्वस्थ और संवेदनशील समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने युवाओं और महिलाओं से आगे आकर इस पुनीत कार्य में भाग लेने का भी आह्वान किया।

# आंदोलनकारी पेंशन बढ़ाने को मुखर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** राज्य आंदोलनकारियों की रविवार को नगरखान में बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में सभी क्षेत्रों में विकास हो रहा है, लेकिन सरकार द्वारा राज्य आंदोलनकारियों को उचित सुविधाएं नहीं दी जा रही है।

वक्ताओं ने कहा कि राज्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकांश आंदोलनकारी अब वृद्ध हो चुके हैं और उन्हें जीवन यापन के लिए अधिक सहायता की आवश्यकता है। इसके बावजूद सरकार पेंशन में केवल मामूली वृद्धि कर रही है। साथ ही आश्रितों को पेंशन देने में भी काफी देरी हो रही है, जिस कारण कई आवेदकों का निधन भी हो चुका है। बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा करते हुए नगरखान क्षेत्र में पेयजल संकट को देखते हुए स्वांल नदी से लिफ्ट पेयजल योजना बनाने की मांग उठाई गई। इसके अलावा मनिआगर-नगरखान मोटर मार्ग के शीघ्र डामरीकरण तथा नगरखान-तुरीनौला लिंक मार्ग के निर्माण की मांग भी की गई। बैठक में नगरखान क्षेत्र में अल्मोड़ा से ही गैस वितरण की व्यवस्था करने की मांग भी रखी गई। साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को शुभकामनाएं दी गईं। निर्णय लिया कि राज्य आंदोलनकारियों तथा क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के लिए 18 मार्च को एक शिष्टमंडल जिलाधिकारी से मुलाकात करेगा। बैठक में ब्रह्मानंद डालाकोटी, दौलत सिंह बगड़वाल, गोपाल सिंह बनौला, तारा तिवारी, नवीन चंद्र डालाकोटी, शंकर दत्त आदि रहे।



अल्मोड़ा के नगरखान में आयोजित बैठक में मौजूद आंदोलनकारी।

# बीसूका में प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा बागेश्वर

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** 66 विकास योजनाओं के अंतर्गत सरकार के 20 सूत्रीय कार्यक्रम (बीसूका) के प्रभावी क्रियान्वयन में बागेश्वर जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की जनवरी तक जारी प्रगति रिपोर्ट के अनुसार जिले ने कुल 123 में से 114 अंक प्राप्त किए हैं, जो 97.44 प्रतिशत हैं। इस उपलब्धि के साथ बागेश्वर ने कई बड़े जिलों को भी पीछे छोड़ दिया है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार जिले को अधिकांश योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में 'ए ग्रेड' प्राप्त हुआ है, जो जिले के लिए गौरव की बात है और मजबूत व कुशल प्रशासनिक व्यवस्था को दर्शाता है। रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों के गठन, बैंक क्रेडिट लिंकिंग और आय सृजन गतिविधियों में जिले ने लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन किया है। पोषण योजनाओं, संस्थागत प्रसव, आंगनबाड़ी संचालन, स्वच्छता अभियान और सिंचाई क्षमता सृजन जैसी योजनाओं में भी बागेश्वर का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। मंडल स्तर पर भी कुमाऊं का प्रदर्शन बेहतर रहा है। कुमाऊं मंडल ने 123 में से 110 अंक प्राप्त कर 89.43 प्रतिशत के साथ पहला स्थान हासिल किया।

# शिविर में विभिन्न समस्याएं उठाईं

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचारः** 'जन-जन की सरकार, जनता के द्वार' कार्यक्रम के तहत काकड़ीघाट में आयोजित बहुद्देशीय शिविर में ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस दौरान ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत अधूरे पड़े कार्यों को लेकर नाराजगी जताते हुए उन्हें शीघ्र पूरा कराने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना था कि कई स्थानों पर पेयजल योजनाओं का कार्य अब तक अधूरा पड़ा है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राशन कार्ड में दर्ज पात्र लोगों के नाम काटे जाने के मामले पर भी ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इस संबंध में समस्या के समाधान के लिए तहसीलदार दीपिका आर्या से क्षेत्र में विशेष शिविर लगाने की मांग की गई। इसके अलावा ग्रामीणों ने क्षेत्र की अधूरी सड़कों के शीघ्र निर्माण की मांग भी उठाई। उनका कहना था कि लंबे समय से कई सड़कें अधूरी पड़ी हैं, जिससे आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। साथ ही आधार कार्ड के नवीनीकरण और केवाईसी प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग भी ग्रामीणों द्वारा की गई।

शिविर में विभिन्न विभागों के समक्ष 100 से अधिक समस्याएं रखी गईं, जिनके समाधान का अधिकारियों ने आश्वासन दिया। इस दौरान बीडीओ तारा चंद्र, प्रदेश मंत्री व क्षेत्र पंचायत सदस्य विमला रावत, दीवान सिंह फर्त्याल, हिम्मत सिंह, हरीश परिहार, राजेंद्र सिंह परिहार सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।


रानीखेत में बहुउद्देशीय शिविर में जन समस्याएं सुनते अधिकारी।

